## सार-समाचार

### किशोर सांखला अध्यक्ष बने

**भीनमाल,** (निसं)। स्थानीय दादेली बावडी पर यूथ फॉर नेशन संस्था के कार्यालय में संस्था की आम बैठक आयोजित हुई। जिसमें संस्था के द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा सहित सम्पूर्ण विवरण पेश किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष पद पर किशोर सांखला के नाम की घोषणा की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित अध्यक्ष किशोर सांखला को साफा व माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष रघुनंदन पारीक, सचिव सतीश सेन, कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज फुलवरिया, मीडिया प्रभारी ललित होंडा, रक्तदान प्रभारी सुरेश नामा, सोशल मीडिया प्रभारी निकेश नागर, सांस्कृतिक प्रभारी श्रवण सोनगरा, कार्यालय प्रभारी नारायणलाल परमार, दादेली बावडी प्रभारी जगदीश वैष्णव, सर्प मित्र मीठालाल सुदेशा, पर्यावरण प्रभारी करण बंजारा, गौ रक्षा प्रभारी नरेश देवासी, विधि सलाहकार किशोर फुलवरिया, विधि सलाहकार देवीलाल सुंदेशा, सह सचिव दिनेश जोशी, सह कोषाध्यक्ष सुनील तिवारी, रक्तदान सह प्रभारी अश्विन सोनी, लेखा निरीक्षक जितेंद्र माली सीए, प्रवासी प्रभारी दिनेश भट्ट सहित कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रभारी नियुक्त किए गए। इस बैठक में संस्था के हितों को लेकर एवं रक्तदान के क्षेत्र में अधिक से अधिक अन्य कार्यकर्ताओं को जोडने का भी प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर डॉ धनराज परमार, प्रवीण फुलवरिया, अरविंद माहेश्वरी, कुलदीप सिंह, उम्मेद जोशी, प्रशांत त्रिवेदी, हितेश जोशी, करण बंजारा, महेंद्र फुलवरिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फिरौती के लिए ज्वैलर को मिली धमकी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के माता का थान स्थित दधिमति नगर में रहने वाले एक ज्वैलर को पांच छह दिनों से जान की धमकियां मिल रही है। धमकाने वाला फिरौती की मांग कर रहा है। 9-10 फरवरी की रात को उसके घर के सामने खड़ी कार को पेट्रोल बम से जला दिया गया। ज्वैलर ने माता का थान पुलिस थाने में नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। माता का थान पुलिस ने बताया कि 80 फीट रोड स्थित दधिमति नगर में रहने वाले ज्वैलर कपिल सोनी पुत्र सुरेश कुमार सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि पिछले चार पांच दिनों से राहुल कच्छवाह और विजय सोनी की तरफ से उसे रूपयों की डिमाण्ड के लिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इन लोगों ने उसके वाटसअप पर इंटरनेट कॉलिंग एवं मैसेज कर धमकाया और रूपयों की डिमाण्ड कर रहे है। अन्यथा उसे देश में कहीं भी रहने नहीं देंगे। रिपोर्ट के अनुसार 9-10 फरवरी की रात को उसके घर के सामने उसकी एसयूवी खड़ी थी। तब रात 1.51 बजे एक बाइक पर दो युवक आए और उन्होंने कार का शीशा फोड़ने के साथ उसमें पेट्रोल बम से गाड़ी को जला दिया। पता लगने पर बाद में कार से आग को बुझाया गया। कार जलाने में पीड़ित ने राहुल कच्छवाह और विजय सोनी पर संदेह जताया है। मामले में अब हैडकांस्टेबल गोपालसिंह की तरफ से जांच की जा रही है।

### दो सूने मकानों में चोरों ने सैंध लगाई

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट जिला पूर्व में नकबजनों ने दो सूने बंद मकानों में सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। इस बारे में मकान मालिकों की तरफ से संबंधित थानों में केस दर्ज कराए गए। बनाड़ पुलिस ने बताया कि देवासियों का बास बनाड़ निवासी विशाल पुत्र तेजाराम देवासी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह परिवार सहित नान्दडी की काकड़ में स्थित पाबुजी का धोरा में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा और मेले में गए थे। बाद में पड़ौसी ने फोन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर से दो व्यक्ति व एक्टिवा स्कू टी ले जाते हुए दिखे है। इस पर परिवादी वापिस घर आया। तब पता लगा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा है। स्कूटी के साथ अलमारी में रखा बैग और उसमें रखे जेवरात गायब थे। बैग में चांदी की पायल जोड़ी, सोने की अंगूठी, कपड़े और 8 हजार रूपए थे जोकि अज्ञात शख्स चोरी कर ले गए। बनाड़ पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ कीर्ति नगर सी-178 में रहने वाली प्रेमलता पत्नी भंवरसिंह जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका घर 23 जनवरी से सूना था। अज्ञात शख्स ने घर के ताले तोडक़र वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। मामले में माता का थान पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे चार लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में केस दर्ज किया है। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने के एएसआई भीमसिंह ने गायत्री नगर क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे हेमन्त पुत्र प्रेमचन्द ब्राह्मण को गिरफ्तार कर 14 पव्वे देशी शराब के ढोला मारू, मेकडॉल व्हिस्की के 9 पव्वे, मेकडॉल रम के 4 पव्वे, ओल मॉक के 4 पव्वे व काउंटी क्लब के 6 पव्वें जब्त कि ए। इसी तरह थाने के एएएसआई स्वरूपसिंह ने कस्तूरी नगर रेलवे कॉलोनी शोभावतों की ढाणी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे सुनिल पुत्र घेवरराम को गिरफ्तार कर बेचने को रखे 23 पव्वे जब्त किए। इधर हैडकांस्टेबल पप्पाराम ने शोभावतों की ढाणी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे राजू यादव को गिरफ्तार कर बेचने को रखे 36 पव्वे शराब के जब्त किए। वहीं नागौरी गेट थाने के एसआई दिनेश ने किला रोड महादेव मंदिर के पास पीछे वाली गली में अवैध रूप से शराब बेच रहे रवि सामरिया उर्फ मोनू के यहां पर दबिश दी। लेकिन आरोपी मौके से भाग छूटा। पुलिस ने मौके पर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर के विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा मंगलवार को सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ पुलिस सिक्योरिटी एवं क्रिमिनल जस्टिस, जोधपुर में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। होम्योपैथी चिकित्सलय अधीक्षक डॉ. गौरव नागर एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत के निर्देशानुसार होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. वृशाली बारब्दे इस एवं डॉ. नरेन पटवा ने अपनी निशुल्क सेवाएँ दी। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में खॉसी, जुखाम, बुखार गले एवं कान में दर्द, चर्म रोग, नेत्र रोग जैसी अन्य रोगों की जानकारी एवं दवाईयॉ देकर लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान कुलसचिव डॉ. शिल्पा सिंह का सहयोग रहा तथा उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति का आभार व्यक्त किया।

### कार व दुपहिया वाहन चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में अलग अलग स्थानों से कार और दुपहिया वाहन चोरी हो गए। इस बारे में संबंधित थानों में मामले दर्ज कराए गए। लूणी थाने में दी रिपोर्ट में कांकाणी निवासी सोहनलाल पुत्र सुखाराम विश्नोई ने पुलिस को बताया कि 9 फरवरी को उसके घर के बाहर से उसकी एसयूवी कार चोरी कर ले गया। कार का पता नहीं लगा है। वहीं चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में लूणी के उत्तेसर हाल तिलाराम जाट के मकान में प्रभु पाश्र्वनाथ नगर निवासी नरेश कुमार पुत्र मंगाराम जाट ने पुलिस को बताया कि 9 फरवरी की शाम के समय गायत्री नगर जनता वाइन के आगे खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

### ठेला चालकों में कहासुनी के बाद विवाद

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के चौपासनी रोड शनिश्चर का थान के पास में ठेला चालकों के बीच आपसी विवाद हो गया। इस पर एक ने दूसरे पर प्राणघातक हमला कर दिया। मामले में सरदारपुरा थाने में रिपोर्ट दी गई है। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि मूलतः मकराना हाल खेतानाड़ी क्षेत्र में रहने वाले रियाज खान पुत्र नूर हसन ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात्रि के समय चौपासनी रोड शनिश्चर जी का थान के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में इरशाद खान एवं उसके साथियों ने उस पर धारहार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जिससे वह चोटिल हो गया। सरदारपुरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

### भीनमाल में शिविर आज लगेगा

जालोर, (कासं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 12 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक जीनगर बस्ती, भीनमाल में शिविर लगेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ ही योजनान्तर्गत इच्छुक उद्यमियों के आवेदन तैयार किए जाएंगे।

# जोधपुर नगर निगम उत्तर की बजट बैठक हंगामे की भेंट चढ़ी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर नगर निगम उत्तर की बजट बैठक में आज हंगामे की भेंट चढ़ गई। कांग्रेसके पार्षदों ने निधि फंड जारी नहीं करने की बात को लेकर हंगामा कर दिया। बजट की प्रतियां बंटने के बाद बैठक आगे बढ़ पाती, उससे पहले ही महापौर कुंती देवड़ा ने बैठक स्थगित कर दी।

इसे लेकर भाजपा पार्षदों ने कांग्रेसबोर्ड पर सवालों से बचने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। अब 13 फरवरी को दुबारा बैठक बुलाई जाएगी। इससे पहले दोनों ही दल अपने-अपने पार्षदों की बैठक बुलाकर आगामी बैठक को लेकर चर्चा करेंगे।

निगम उत्तर में कांग्रेसका बोर्ड है। उसी के पार्षदों ने पिछले दो साल से पार्षद निधि के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों के टेंडर नहीं होने की बात को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पार्षदों का कहना था कि एक तरफ तो जहां 25 लाख की तय सीमा से ऊपर 3-3 लाख के विकास कार्य करवाए जाने का भरोसा दिया जा रहा था। वहीं हकीकत ये है कि उनके वार्डों में 25 लाख के विकास कार्य भी नहीं करवा पा रहे हैं, क्योंकि निगम ने इसके लिए टेंडर ही जारी नहीं किए हैं। इसके लिए राजस्थान सरकार को दोषी करार देते हुए पार्षदों ने हंगामा किया। इस पर महापौर कुंती देवड़ा ने बैठक स्थगित कर दी।

निगम की बजट बैठक में साल 2025-26 के प्रस्तावित बजट की प्रतिलिपियां बांटी गई, इसमें शामिल अभिभाषण के अनुसार- निगम उत्तर ने 738.44 करोड़ का बजट तैयार किया है। पिछले साल 727.90 करोड़ का बजट पारित किया गया था। यानी, पिछले बजट की तुलना में 10.54 करोड़ की बढ़ोतरी दर्शायी गई है।

अभिभाषण में जनसहभागिता योजना में कुल 1648.39 लाख के 43 कार्य स्वीकृत हुए। इनकी प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी प्राप्त हो गई। इसमें से 20 प्रतिशत नगर निगम को, 30 प्रतिशत जेडीए व शेष 50 प्रतिशत राशि 824.14 लाख राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुए। इनमें से अधिकांश राज्य सरकार व निगम अंशदान नहीं मिलने की वजह से अटके हुए हैं।

नगर निगम उत्तर की बैठक में बजट पेश होने से पहले हंगामा और इसी बीच बजट की प्रतियां वितरित होने के बाद इसकी प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

इसमें चर्चा यह भी है कि क्या निगम उत्तर पहले से वितरित हुए बजट को ही यथावत रखकर इसे पास करवाएगा या इसमें बदलाव किया जाएगा। हालांकि, बैठक स्थगित होने के बाद महापौर ने कांग्रेस पार्षद दल की बैठक भी ली है। इसमें विवादित मुद्दों पर चर्चा हुई।

## 'सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय सीमा में हों'

**पाली**, (नि.सं.)। जिले के प्रभारी व स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने आज मंगलवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के विभागीय योजनाओं व कार्या की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों से फीडबैक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री खर्रा ने कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय सीमा में हो व राज्य सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार कार्य हो।

उन्होंने समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों योजनाओं व कार्या की प्रगति में बारी बारी से जानकारी ली और बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में वर्तमान स्थिति के बारे में ,जिला परिषद की पीएम आवास , स्वामित्व योजना , प्रोपर्टी पार्सल ,नरेगा , स्वच्छता मिशन एमजेएसए , मॉडल गांव , विघुत विभाग विघुत कनेक्शन विभिन्न प्रकार के व प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी ली साथ ही ,चिकित्सा विभाग में आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं, सार्वजनिक निर्माण विभाग क्षितठास्त सडकों व पुलिया की मरम्मत के बारे में निर्देश व पीएचईडी विभाग की योजनाअें जल जीवन मिशन , जल संसाधन बांधों के बारे में वर्तमान स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने उधोग केन्द्र के राईजिंग राजस्थान, निवेश प्रोत्साहन योजना , भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उधम योजना आदि के बारे प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।इसी प्रकार उन्होंने नगर निगम साफ सफाई , अतिक्रमण , नालों के बारे में व अन्य बिन्दुओ पर भी चर्चा व यूआईटी के कार्या की जानकारी ली। साथ ही कृषि विभाग फसलों के बारे में ,बागवानी , पशुपालन विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की प्रगति सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग , शिक्षा विभाग में टेबलेट वितरण ,दूध योजना , साईकिल वितरण के बारे मे प्रगति को जाना साथ ही रीको , वन विभाग , माईनिंग विभाग के कार्या की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों व ई फाईलिंग की जानकारी ली। बैठक में सोजत विधायक शोभा चौहान , पाली विधायक भीमराज भाटी , जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्या और योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, आईएफएस बाला,, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, अतिरिक्त कलक्टर डॉ बजरंग सिंह , एडीएम (सीलिंग) भवानीसिंह पंवार, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ,सुनील भंडारी , तिलोकराम चौधरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राव सिरदार समाज की बैठक

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के बुद्धेश्वर महादेव मंदिर रेवदर में राव सिरदार समाज एक बैठक रखी गई जिसमें विधायक मोती राम कोली को ज्ञापन दिया गया। विधायक द्वारा बुटडी में पुस्तकालय भवन निर्माण, सामुदायिक भवन की चार दीवारी,शौचालय, ईंटर ब्लॉंचकिंग हेतु 2०लाख रुपये की स्वीकृति हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिरोही के नाम स्वीकृति पत्र जारी किया तथा श्मशान भूमि के कार्यो के लिए जल्द कार्य प्रारंभ करने की घोषणा की। राव सिरदार छात्रावास के लिए सरकारी भूमि आवंटन आदि पर चर्चा की।

## सुपरवाइजर का सिर फोड़ा

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में काम-काज की बात को लेकर हुई कहासुनी के दौरान मजदूर ने पत्थर से सुपरवाइजर का सिर फोड़ दिया।

सुपरवाइजर को सोमवार देर रात को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

घटना पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र के नया गांव क्षेत्र में सोमवार रात 9 बजे हुई।

शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने का काम करने वाली कम्पनी में पाली के सुपरवाइजर ग्वालियर (मध्य प्रदेश) निवासी राजेश की एक मजदूर से बहस हो गई। इस दौरान मजदूर ने पत्थर उठाकर सुपरवाइजर के सिर पर दे मारा। जिससे खून बहने लगा।

साथी मजदूर उसे इलाज के लिए सोमवार रात को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया।

बताया जा रहा है कि सुपरवाइजर और मजदूर सभी एक मकान में साथ में किराए पर रहते हैं। वहीं पर दोनों में बहस हुई।

घटना को लेकर हॉस्पिटल चौकी पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अतिरिक्त ड्यूटी हटाने की मांग का ज्ञापन दिया

**पाली,** (नि.सं.)। कम्प्यूटर अनुदेशक संघ रोहट ने गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त कर मूल शिक्षण कार्य पर लगाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी पूरन कुमार एवं तहसीलदार प्रकाश कुमार पटेल को जिला कलक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि राजस्व एवं उपनिवेश विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन में इन शिविरों में तकनीकी कार्यों के रूप में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के दो कार्मिकों को लगाए जाने का स्पष्ट उल्लेख है लेकिन फिर भी कंप्यूटर अनुदेशकों को लगाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

शिक्षा विभाग के अनुदेशक टीचिंग स्टाफ कैटेगरी के कार्मिक है इस तरह की ड्यूटी से विद्यालयों में शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। इस दौरान रोहट ब्लॉक के समस्त कंप्यूटर अनुदेशक कार्मिक उपस्थित रहे।

## मेला संपन्न

**जालोर,** (कासं)। श्री मंडोर भैरुजी मंदिर रेलवे स्टेशन के पीछे दो दिवसीय माली पीपाडा गहलोत गोत्र का 14 वार्षिक मेला संपन्न हुआ।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)**

**संख्या 33245637A Date : 11.02.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक/मंडल डिपो/उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. मद का नाम** : यूटीएस थर्मल टिकट प्रिंटर की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 8552050.00 (रु. पचासी लाख बावन हजार पचास रुपये मात्र)। **3. बयाना राशि** : Rs. 171040.00 (रु. एक लाख इकहत्तर हजार चालीस रुपये मात्र) **4. ई-निविदा जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय ई-निविदा खोलने की दिनांक व समय** : 28.02.25 14:25 **5. वेबसाइट विवरण जहाँ से ई-निविदा सम्बंधित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in **6. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा जारी की गई है।** : वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक कार्यालय/मंडल कार्यालय/उ.प.रे./जोधपुर 342001 (राजस्थान) **नोटः- 1.** यह ई-निविदा है कि इस में किसी भी मैन्युवल प्रस्तावो नहीं है और किसी भी तरह के मैनुअल निविदा को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा **2.** निविदा दस्तावेज और बयाना राशि का भुगतान केवल आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट पर भुगतान गेटवे की सुविधा के माध्यम से ई-स्थानांतरण से ही करे। **178-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे घायल

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने सड़क किनारे बाइक के पास खड़े एक महिला और उसके बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। बच्चे की हालत गंभीर है। दोनों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया है।

पाली के मारवाड़ जंक्शन रहने वाला भरत नायक (30) अपनी पत्नी नैनादेवी (25) और 13 साल के बेटे गोविंद के साथ बाइक पर अपने ससुराल गुड़ा केसरसिंह (मारवाड़ जंक्शन) सोमवार शाम को जा रहा था। ईसाली गांव के बाद टॉयलेट के लिए रुका। पत्नी नैनादेवी और बेटा गोविंद बाइक के पास खड़े थे। इस दौरान सोमवार शाम करीब 7 बजे तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी दोनों को चपेट में ले लिया। हादसे में गोविंद के सिर पर गंभीर चोट आई और नैनादेवी का भी हाथ फेक्चर हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए मारवाड़ जंक्शन ले जाया गया। दोनों को देर रात पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।


**कार्यालय श्री महाराज उम्मेदसिंह कृषि उपज मण्डी समिति सुमेरपुर जिला पाली राज.**

क्रमांक- आंबटन/2024-25/1540 दिनांक: 11/02/2025

**संशोधित आंवटन विज्ञप्ति**

इस मंडी समिति के गौण मण्डी प्रांगण फल- सब्जी सिरोही, मे अधिसूचित कृषि जिंसो के थोक व्यवसाय , भण्डारण फुटकर व्यवसाय के लिये दुकानों हेतु भूखण्डो के 99 वर्षीय लीज पद्धति पर आंवटन किये जाने हेतु कार्यालय द्वारा आंवटन विज्ञप्ति क्रमांक 1400 दिनांक 20.12.2024(राजकाज रेफ न. 12571377) जारी की गई थी जिसके परिपेक्ष्य मे आवेदन फार्म जारी करने एवं आवेदन फार्म जमा लेने की अवधि एक माह बढाई जाती है। आवेदन फार्म प्राप्त करने की दिनांक 12.02.2025 से दिनांक 10.03.2025 (सोमवार) तक सांय 6:00 बजे तक तथा आवेदन फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक 11.03.2025 (मंगलवार) सांय 6:00 बजे तक रहेगी। शेष विवरण एवं शर्ते यथावत रहेगी। इस विज्ञप्ति को उक्त पूर्व मे जारी आवंटन विज्ञप्ति का ही भाग समझी जावेगी।

(कालूराम कुम्हार RAS) प्रशासक

(डॉ पूरणसिंह जैतावत) सचित


## कॅरियर मेला आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। कस्बे के समीप बासन गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कॅरियर मेला 2025 का आयोजन ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार पटेल की अध्यक्षता में किया गया।

डॉ पटेल ने केरियर मेले में उपस्थित विद्यार्थियों को करियर के क्षेत्र में सरकारी व निजी क्षेत्र में उपलब्धता की जानकारी दी। प्रधानाचार्य हिर्देश कुमार जैन ने करियर के विभिन्न क्षेत्र की पहचान व पहुंच की जानकारी दी।

## विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मेला आयोजित

**जालोर,** (कासं)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर रोड, जालोर में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिशद् के निर्देशानुसार करियर मेले का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत की अध्यक्षता में हुआ।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिशद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौरिया रहे एवं विषिश्ट अतिथि में भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, पार्शद दिनेष महावर, राजेन्द्र टांक महेष भट्ट, अमन देवेन्द्र मेहता विधायक प्रतिनिधिक्डश्रीकान्त भूतडा ग्रेनाईट उद्यमी के रूप में उपस्थित रहे। पीएमश्री प्रभारी चम्पालाल खत्री ने बताया कि करियर मेले में षहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी और स्टाफगण भी उपस्थित रहे। करियर मेले पर विद्यार्थियों द्वारा करियर की संभावनाओं पर अपनी रूचि अनुसार चार्ट, पोस्टर एवं मॉड्ल्स बनाकर उसकी प्रदर्षनी की गई जिसका सभी अतिथियों और विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। करियर मेले की षुरूआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर की गई। प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों एवं करियर मार्गदर्षक वार्ताकारों का विद्यालय परिवार द्वारा पीएमश्री दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। करियर मेले के अवसर पर विद्यार्थियों को करियर हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न करियर संबंधी स्टॉल लगायी गई। जिसमें स्थानीय उद्योग लेटा के प्रसिद्ध खेसला, आईटीआई द्वारा विभिन्न ट्रेड की प्रदर्शनी, बैंकिंग स्टॉल, अजीम प्रेमजी स्टॉल, स्थानीय चर्म उद्योग जूती ट्रेड स्टॉल साथ ही विद्यार्थियों द्वारा करियर संबंधी तैयार किये गये विभिन्न पोस्टर एवं मॉड्ल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

सभी विद्यार्थियों द्वारा उक्त सभी करियर स्टॉलों का अवलोकन कर अपने भविश्य में करियर की संभावनाओं पर जानकारी प्राप्त की।

विभिन्न क्षेत्रों के वार्ताकारों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर अपनी वार्ता देकर छात्र/छात्राओं को करियर की असीम संभावनाओं के लिए प्रेरित किया जिसमें जालोर पत्रकार दिलीप डूडी द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में, चार्टड अकाउंटेंट नितिन सोलंकी द्वारा कॉमर्स एवं अकाउन्ट क्षेत्र में, एडवोकेट केषव व्यास द्वारा लॉ के क्षेत्र में, श्रीकान्त भूतडा द्वारा ग्रेनाईट व्यवसाय के क्षेत्र, प्रधानाचार्य खीमसिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी मुकेष सोलंकी ने विद्यार्थियों को भविश्य के प्रति जागरूक रहने संबंधी, अनुदेशक आनन्द सिंह द्वारा विभिन्न टेक्निकल ट्रेड्स के बारे एवं लीड बैंक के अधिकारी अर्जुन कुमार द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र संग्रामाराम देवासी द्वारा विभिन्न व्यवसायों में सरकारी प्रषिक्षण व सहायता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस प्रकार करियर संबंधी वार्ताओं से विद्यार्थी करियर की विभिन्न संभावनाओं की अति महत्वपूर्ण जानकारी से लाभान्वित हुए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, जालोर द्वारा जीवन की कठिन परिस्थितियों से नहीं घबराकर सदैव अपने कर्त्तव्य पथ पर दृढ़ संकल्पित रहकर अग्रसर होने की बात कही। उन्होंने स्वयं के संघर्शमय जीवन से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला पीएमश्री प्रभारी देवेश दुआ, उप प्राचार्य मुकेश चौधरी, कान्तिलाल पुरोहित, व्याख्याता शबाना शख, अमिता सैनी, राजु षेख, संजय सिंह, प्रियंका शर्मा, सलीम खान, जयप्रकाश पणिया, पूरण सिंह, वरिश्ङ्ग अध्यापक शिवदत्त आर्य, हिदायत खां एवं धीरज खत्री सहित स्टाफ गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेष कुमार रावल ने किया।




नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## सार-समाचार

### जीरो टॉलरेंस नीति की दी जानकारी

**जालोर,** (कासं)।राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरुक करने के उद्देश्य से महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार विशेष जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को भाद्राजून ग्राम पंचायत भवन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ मय कार्यालय स्टाफ द्वारा आमजन की बैठक आयोजित कर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति से अवगत कराते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्य प्रणाली यथा ट्रेप कार्यवाही, पद का दुरूपयोग, आय से अधिक सम्पति व आकस्मिक चैकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रकार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर मे भी उपस्थित छात्राओं को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जानकारी प्रदान करते हुए भविष्य में भ्रष्टाचार सम्बन्धित शिकायतों पर आवाज उठाने व रिपोर्ट करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को टॉल फ्री नम्बर तथा वाट्सएप्प नम्बर तथा एसीबी चौकी जालौर के टेलीफोन नम्बर एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नम्ब पर भ्रष्टाचार संबंधित सूचना देने के लिए जानकारी प्रदान करने के साथ ही उपस्थित आमजन को पेम्पलेट वितरित किए गए। एसीबी कार्यालय जालोर द्वारा जालोर जिले मे विभिन्न राजकीय कार्यालयों मे हेल्प लाईन से संबंधीत पेम्पलेट चिपकाये जाकर जन जागरुकता के प्रयास किए गए।

### प्राण प्रतिष्ठा की पत्रिका का विमोचन

**गुडामालानी,** (कासं)। मुख्यालय से रतनपुरा जाने वाले मुख्य सडक मार्ग पर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूतेश्वर महादेव सेवा समिति सदस्यों एवं गांव के गणमान्य लोगों कि बैठक आयोजित हुई। बैठक में आलपुरा मठ के मठाधीश सुमेर भारती महाराज,ढीमडी मठ महंत अर्जुनपुरी महाराज,राणा कुलदीप सिंह राठौड,विक्रम सिंह राठौड,जबरसिंह राजपूत,कुंवर ध्वजराज सिंह राठौड, धनराज जोशी,रमेश लाल जोशी के सानिध्य में पत्रिका का विधि विधान के साथ विमोचन किया गया। 24 फरवरी से 26 फरवरी तीन दिवसीय चलने वाली भुतेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मन्दिर परिसर में व्यवस्थाओं को लेकर कमेटी द्वारा जोर शोर से तैयारियां कि जा रही हैं । प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे हजारों की तादाद में श्रद्धालु भाग लेंगे । राणा कुलदीप सिंह राठौड ने कहा कि भुतेशवर मन्दिर 438 साल प्राचीन मन्दिर है । मन्दिर कि प्राण प्रतिष्ठा हो रही है यह हमारे क्षेत्र के बहुत बडी बात है । सर्व समाज को साथ लेकर चलना ओर उनका सहयोग लेकर कार्य करेंगे तो कार्यक्रम भव्य रहेगा । सभी बोलीदाताओं,कमेटी सदस्यों एवं गांव के लोगों से प्राण प्रतिष्ठा में सहयोग करने की अपील की। प्राण प्रतिष्ठा पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, अशोक सिंह राजावत,भागीरथराम जागूं, बालकिशन खत्री, चंद्रप्रकाश मोदी मदनलाल मालू, भरत जैन,शिवदयाल दवे,पुखराज पुरोहित कांतिलाल सोनी, जगसिह राजावत,पूर्णेश चौधरी,दिनेशसिंह राजावत, महेश अग्रवाल, तुलसीदास अग्रवाल,छैलसिंह राजपूत, महेंद्र कुमार बोकाडिया, मुकेश कुमार श्रीमाली, मदनलाल आचार्य सहित गांव के गणमान्य लोग एवं कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रतिभा एवं सम्मान समारोह 16 को

**जालोर,** (कासं)। विश्वकर्मा विकास परिषद की ओर से स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह गणेश मंदिर तखतगढ में आगामी 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। संस्था के सचिव देवेंद्र सुथार ने बताया कि विश्वकर्मा विकास परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 16 फरवरी को तखतगढ में स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सनातन गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष प्रकाश सुथार ने बताया कि समारोह में अतिथि के रूप में भरत कुमार भेसवाडा, हस्तीमल सुथार अध्यक्ष हरजी 24 गांव पट्टी, भंवर लाल सुथार अध्यक्ष विश्वकर्मा सेवा समिति, नवीन पाराशर अध्यक्ष आहोर 24 गांव पट्टी, रकबा राम पलासिया, शांतिलाल सुथार गुडा, फूला राम भेसवाडा, डॉ विनोद सुथार, संतोष सुथार अध्यापिका, कोमल सुथार, भारती सुथार व्याख्याता, दाडमी देवी पार्षद,पूजा सुथार अध्यापिका, मनीषा सुथार, डॉ सुभाष सुथार शंखवाली, रेखा सुथार अध्यापिका, सुरेश सुथार पार्षद, बंशी लाल सुथार पटवारी, जयंतीलाल सुथार अध्यापक, भगा राम सुथार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ प्रवीण सुथार प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,पुनाराम सुथार , छगन लाल सुथार, तिलोक जी सुथार, एवं मूलाराम सुथार उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में अधिक से अधिक समाज बंधुओं को आने का आव्हान किया गया है तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं) । भारत सरकार के निर्देशानुसार फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को शहीद गंगाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढाढणियां साँसण में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य केसर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि यह दिवस एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जागरूकता अभियान है, जिसे 100 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस का विषय क्या यह सच नहीं हो सकता? ऑनलाइन धोखाधडी से स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रखना निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों के लिए साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधडी से बचाव विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का संचालन संगीता जोशी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोपेश विश्नोई, श्रीकांत विश्नोई, सुरताराम सारण, विक्रम सिंह राठौड़, रमेश चंद मीना, रेखा गर्ग, मधुकंवर सांखला, राजेश कुमार सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों का योगदान रहा।

### महिलाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर,** (कासं) । महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत नवाचार राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम एवं संकल्प: हब फॉर एम्पावरमेंट वूमेन के तहत जोधपुर जिले में एम्स जोधपुर एवं महिला अधिकारिता के समन्वय से राजकीय विशिष्ट पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं में एनिमिया की रोकथाम के लिए एनिमिया स्क्रीनिंग के लिए शिविर लगाया गया। महिला सशक्तिकरण हब, जोधपुर के जेण्डर स्पेशलिस्ट कानाराम सारण ने बताया कि महिलाओं में एनिमिया रोकथाम के लिए एनिमिया स्क्रीनिंग शिविर में विशेषज्ञों द्वारा एनिमिया लक्षण, उपचार एवं बचाव के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया। एम्स जोधपुर के विशेषज्ञों द्वारा जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं में एनिमिया स्क्रीनिंग किया गया। दो दिवसीय शिविर में 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग की कुल 95 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 22 महिलाओं में 11.0 से कम हिमोग्लोबिन पाया गया। कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं का एम्स जोधपुर की टीम द्वारा प्रतिमाह फोलोअप किया जायेगा एवं इनकी आवश्यक जांच की जायेगी।

### बास्केटबॉल मैदान का उद्घाटन

**रेवदर,** (निसं)। जिले में जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.० के तहत ब्लॉक रेवदर में संचालित जलग्रहण परियोजना में भू संसाधन विभाग,भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार गिरते भू जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास से संबंधित गतिविधियों के जनजागरण व वाटरशेड आउटरीच कैम्पेन वेन के साथ जलग्रहण यात्रा कार्य म का आयोजन गांव कोटडा में किया गया। जिसमें सजलिया नाडी का शिलान्यास एवं श्रमदान, एनिकट का लोकार्पण, जैतावाडा सीनियर विद्यालय में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता , गांव वासडा में बास्केटबॉल खेल मैदान का उद्घाटन एवं मैत्री मैच का आयोजन किया गया व जल संरक्षण हेतु समस्त जिला स्तरीय , ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा शपथ ग्रहण की गई । इस कार्यक्रम में जिसमें जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद्र अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता जलग्रहण संजय कुमार दवे, पिंडवाडा विकास अधिकारी हेमाराम, जलग्रहण विभाग के अधिकारी, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, पूर्व प्रधान कालूराम चैधरी व पूंजा भाई , सरपंच जैतावाडा शांति लाल भाट, सरपंच बांट संगीता देवी व पंचायत समिति सदस्य दानुदेवी जनों की उपस्थिति रही।

# साइबर क्राइम तथा मोबाइल के दुरूपयोग से बचें : गौतम जैन

**जालोर,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहरी जालोर में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह राजस्थानी लोकगीत, लोकनृत्य, देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपसिंह धनानी एवं दासपां निवासी भामाशाह कानमल हुण्डिया, सोहनराज बोहरा, सेवानिवृत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोंलकी, ज्योतिबा फुले मंच के राष्ट्रीय सचिव नाथु सोलंकी, दलपत सिंह आर्य एवं नगर कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन ने साइबर क्राइम से बचने के उपायों के साथ मोबाइल के सकारात्मक उपयोग की बात कहीं। उन्होंने विद्यालय के श्रेष्ठ परिणाम तथा सशैक्षणिक गतिविधियों की प्रशंसा की।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत ने परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बोर्ड परीक्षाओं आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठ अंक लाते हुए जिले एवं अभिभावकों को गौरवाान्वित करने की बात कहीं।

कार्यक्रम के दौरान कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपसिंह धनानी ने अपने उद्बोधन में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पूण्यतिथि का स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए सदैव समर्पित रहने की बात कही। सेवानिवृत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने करियर गाइडेन्स पर अपना उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलन कर वार्षिकोत्सव का शुभांरभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राजस्थानी लोकनृत्य 'मारवाड़ धोरा में.', 'चंदा ने पूछा तारों से...', 'ढुसो बाजे सा, माथे साजे बोरलो..', 'केसरिया बालम.', 'थाने काजलियो बनालू.', पर राजस्थानी लोक संस्कृति को जीवन्त किया। वहीं 'ओ देश मेरे..', 'नन्हें मुन्हें बच्चे है..', 'जय जय शिव शंकर.......', पर राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

वहीं नारी सशक्तिकरण तथा नशामुक्ति पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा नारी शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी एवं राजेन्द्र सिंह काबावत ने किया। प्रधानाचार्य हेमलता माथुर ने आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उप प्राचार्य गोपाल ग्वार, दिनेश महावर, झालाराम चौधरी, मदन लाल सुंदेशा, आरिफ खोखर, दम्यंति वैष्णव, नितेश जैन, महेन्द्र दवे, सोमदत्त शर्मा, भरत गर्ग, बरकत खान, कीर्ति शर्मा, सुमनलता उपाध्याय, राधा चौधरी सहित अभिभावकगण, भूतपूर्व विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शहरी विद्यालय में एक लाख से अधिक रूपये के आर.ओ. प्लांट भेंट करने वाले ओसवाल सिंह सभा के पूर्व अध्यक्ष सोहनराज बोहरा, 50 हजार रूपए के वॉटर कूलर भेंट करने वाले दासपां निवासी कानमल हुण्डिया, 71 हजार रूपए का छात्र-छात्राओं को सहयोग देने वाले शिक्षक भामाशाह नरेन्द्र कुमार राजपुरोहित, कुर्सियां भेंट करने वाले भामाशाह ग्रेनाईट व्यवसायी श्रीकान्त सोलंकी, भामाशाह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी सहित अन्य भामाशाहों को भी विद्यालय के विकास में सहयोग करने पर अतिथियों द्वारा भामाशाह सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**जालोर,** (कासं)। सड़क सुरक्षा के तहत आईआरएडी प्रशिक्षण कार्यक्रम व सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यक्रम पर कार्यशाला जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, आईआईटी मद्रास एवं एनआईसी के सहयोग से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरएडी) तैयार किया गया है।

उन्होंने आईआरएडी एप के साथ ही सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर आयोजित विचार व्यक्त करते हुए इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश के अनुसार घटित होने वाली समस्त सडक दुर्घटनाओं की प्रविष्टि आईआरएडी एप पर करना अति अनिवार्य है । जिससे कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने में सुविधा होती है एवं दुर्घटनाओं की संख्या को न्यूनतम किया जा सकता हैं।

उन्होंने समस्त अनुसंधान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बिना किसी विलम्ब के दुर्घटना की प्रविष्टि इस एप पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। प्रशिक्षण में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं आईटी डायरेक्टर लादेश कुमार शर्मा ने सड़क सुरक्षा के संबध में आईआरएडी एप की विशेषताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

आईआरएडी जिला रॉलआउट मैनेजर विष्णु सिंह ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए अनुसंधान अधिकारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) के संबंध में पॉवर पाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आईआरएडी एप की समस्त डाटा प्रविष्टि एवं पेन्डिग केस के निस्तारण के संबंध विस्तृत प्रशिक्षण दिया। आईआरएडी एप जिले के सभी थानों में यह कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। आईआरएडी एप के माध्यम से जिले में होने वाली समस्त सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों में संबंधित अनुसंधान अधिकारी द्वारा मौके पर पहुंच कर सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा प्रविष्टि, फोटो एवं वीडियो अपलोड किये जा रहे है।

आईआरएडी एप में सड़क दुर्घटनाओं की अधिक से अधिक प्रविष्टियाॅ एवं संकलित डाटा का विश्लेषण करने से सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से होगी व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी एवं अधिकतम लोगों की जान-माल की सुरक्षा की जा सकेगी, साथ ही इससे बचाव होगा।

कार्यशाला में आईआरएडी जिला रॉलआउट मैनेजर विष्णु सिंह, जयेश सुंदेशा, रजत अग्रवाल, सोहेब मेहर, मेहबूब खान एएसआई, कासम खान मेहर आदि अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## स्वर्णप्राशन कार्यक्रम हुआ

**जोधपुर,** (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम मंगलवार को पुष्यनक्षत्र योग में एम्स, जोधपुर की आयुष ओ.पी.डी. में, जालौरी गेट के निकट शनिश्चर थान, सम्राट अशोक उद्यान के सामने भवानी आदर्श विद्या मंदिर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह-नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित किशोर बालगृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय, करवड़, गोद-ठाम घड़ाव के राजकीय विद्यालय विक्टोरियन किड्स स्कूल एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड ,में आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आमजनता में बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन के लाभ और महत्त्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये प्रतिमाह की भांति मंगलवार को जोधपुर शहर के 13 केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 13 केन्द्रों पर अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलाने के लिये पहुंचे।

## डॉ. भैराराम जाणी का स्वागत

**जालोर,** कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शहजाद खान एवं राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार सहित कर्मचारी महासंघ के गोविन्द सिंह मंडलावत व राज्य नर्सेज एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र भारती गोस्वामी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी का साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

सीएमएचओ डॉ.जाणी के पदभार संभालने व उनके प्रयागराज महाकुंभ अमृत स्नान की तीर्थ यात्रा कर आने पर मंगलवार को नर्सेज संगठनों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत ने चिकित्सा कर्मियों के हितों पर चर्चा कर समस्याओं से अवगत कराया वहीं कर्मचारियों के ब्लॉक स्तर पर समस्या समाधान शिविर आयोजित करने की बात कही। राज्य नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र भारती ने जिले के नर्सेज द्वारा पूर्ण ईमानदारी वह निष्ठा से सेवा करने का भरोसा दिलाया। आर सी एच ओ डॉ. राजकुमार बाजियां,डीपीएम चरण सिंह, संगठन पदाधिकारी गुलजार अली, चंपालाल परमार , अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता की चयन सूची जारी

**जालोर,** (कासं)। पर्यटन विभाग राजस्थान, जिला प्रशासन व जालौर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जालौर महोत्सव को लेकर मंगलवार को मुख्य समन्वयक व एसडीएम मनोज कुमार चौधरी ने महोत्सव स्थल स्टेडियम प्रांगण का जायजा लिया।

जालोर महोत्सव में नटराज मंच पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की अंतिम चयन सूची जारी की गई।

जालौर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने बताया की 15 फरवरी से शोभायात्रा के साथ जालौर महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज होगा। जालौर महोत्सव स्थल स्टेडियम प्रांगण का जायजा मुख्य समन्वयक व एसडीएम मनोज कुमार चौधरी ने कोर कमेटी के सदस्य नितिन सोलंकी व हितेश प्रजापत, समन्वयक रतन सुथार, सांस्कृतिक टीम के महेश भट् व रितु टांक के साथ स्टेडियम प्रांगण का निरीक्षण कर शॉपिंग मेला , सांस्कृतिक प्रतियोगिता के नटराज मंच, खेलकूद प्रतियोगिता के मैदान की व्यवस्था देखकर दिशा निर्देश दिए ।

वही एसडीम मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि जालोर महोत्सव को भव्य रूप देने के साथ मेला स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, उसका पूरा ख्याल रखा जाये। वही यातायात व पार्किंग की भी उचित व्यवस्था की जाये। ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नही हो। उन्होंने पानी, छाया व विधुत व्यवस्थाओं को भी बेहतर बनाने की बात कही।

जालार महोत्सव में नटराज मंच पर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का ऑडिशन के बाद अंतिम चयन सूची मंगलवार को जारी की गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर व सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चयन सूची चस्पा की गई।

सांस्कृतिक प्रभारी महेश भट्ट ने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता के एकल नृत्य सब जूनियर में 15 , एकल नृत्य जूनियर में 25, एकल नृत्य सीनियर में 25 , समूह नृत्य में 15, एकल गायन सीनियर में 15, समूह गायन में आङ्ग , मिस जालौर में 15 व मिस्टर जालौर में 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

वही चित्रकला प्रतियोगिता में सब जूनियर चित्रकला में मेरा पसंदीदा पक्षी, जूनियर चित्रकला में महाकुंभ का चित्रण व सीनियर चित्रकला में मेरा जालौर 2050 थीम पर चित्रकला की आकृति उकेरनी होगी।

## बसंत कुमार का महाकुंभ स्नान कर लौटने पर स्वागत

**जालोर,**(नि.सं.)। जालोर अभिभाषक संघ के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार गहलोत के प्रयागराज महाकुंभ अमृत स्नान कर जालोर लौटाने पर अधिवक्ताओं ने स्वागत गया ।

वरिष्ठ अधिवक्ता गहलोत के प्रयागराज में स्नान कर देश में खुशहाली की कामना की । उनके जालोर लौटने पर कोर्ट परिसर में अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहनसिंह राणावत पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश राठौर, भूरसिंह देवकी और गणपत सिंह नोरवा ने स्वागत किया।

## कवि दुरसा आढ़ा की जयंती मनाई

**जोधपुर,** (कासं) । दुरसा आढ़ा मात्र कवि नहीं थे अपितु मर कर अमर हैं। इनकी और इनके जैसे अनेक कवियों की कविताओं और रचनाओं ने राष्ट्रनायकों का चरित्र जिंदा रखा है। यह बात आज राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति सभागार में विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग और दुरसा आढ़ा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र कवि दुरसा आढ़ा जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही।

लखावत ने कहा कि हमारा गौरवशाली एवं स्वर्णिम इतिहास रहा है इसलिए आज उससे सीख लेने की जरूरत है। सत्य की रक्षा के लिए आढ़ा ने आउवा के धरने के माध्यम से अगवानी की। आज सद् साहित्य और सद् इतिहास का लेखन, पठन और संरक्षण जरूरी है। लखावत ने कहा कि महाराणा प्रताप, राव चंद्रसेन, दुर्गादास राठौड़ आदि से हिंदुस्तान के संस्कार और दर्शन का ज्ञान होता है।

राजस्थानी कवि प्रो. गजादान चारण ने बीज वक्तव्य देते हुए कहा कि राष्ट्र कवि दुरसा आढ़ा का 125 वर्ष का जीवन रहा। उन्होंने कहा कि दुरसा आढ़ा अकबर के दरबार में जरूर थे लेकिन उनके गुलाम नहीं। आढ़ा ने अकबर की ओर से एक भी युद्ध नहीं लड़ा बल्कि प्रताप एवं चंद्रसेन की प्रशंसा में लिखकर राष्ट्र एवं परम धर्म का पालन किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गुलाब सिंह चौहान ने दुरसा आढ़ा के साहित्य व चरित्र से सीख लेने की बात कही और कहा कि दुरसा आढ़ा से संबंधित साहित्य का लेखन कार्य करना चाहिए ।

समारोह के विशिष्ट अतिथि शंभू सिंह ने दुरसा आढ़ा के सामाजिक समरसता, राष्ट्र और स्वदेश प्रेम को रेखांकित किया।

आरंभ में हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह राठौड़ ने दुरसा आढ़ा का जीवन परिचय देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ. कीर्ति माहेश्वरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्र कवि दुरसा आढ़ा राष्ट्रीय काव्यधारा के कवि हैं हमें उनके साहित्य से प्रेरणा मिलती है। समारोह में मोहन सिंह रतनू, सत्येन्द्र सिंह और डॉ. प्रेम सिंह ने 'विरूद छिहतरी' के सोरठों का सस्वर वाचन किया। रेखा राठौड़ और किशोर ने दुरसा आढ़ा पर केंद्रित शोध पत्रों का वाचन किया। इस दौरान हिंदी साहित्य परिषद के पोस्टर का विमोचन किया गया और दुरसा आढ़ा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा अहिल्या बाई स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

समारोह के अंत में दुरसा आढ़ा फाउंडेशन के अध्यक्ष और राजनीति विज्ञान के प्रो. राम सिंह आढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन चंद्रभान बिश्नोई ने किया।

समारोह के दौरान प्रोफेसर गंगाराम जाखड़, पूर्व कुलपति, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, सेवानिवृत्त आर ए एस गोविंद सिंह जी चारण, प्रो ज्ञान सिंह शेखावत, प्रो चैनाराम चौधरी, प्रो मंगलाराम बिश्नोई, अधिष्ठाता, कला संकाय, प्रो हरदयाल सिंह राठौड़, प्रो सुशीला शक्तावत, प्रोफेसर पी आर व्यास, प्रो नवनीता सिंह, प्रो. कौशल नाथ उपाध्याय, प्रो. रामबख्श, प्रो. परबत सिंह चारण ,प्रो. अरविंद परिहार, प्रो. सुनील असोपा, प्रोफेसर महेंद्र सामरिया, प्रो मदन मोहन, प्रो कांता कटारिया, प्रो हरिसिंह राजपुरोहित, डॉ राजेंद्र बारहठ, प्रो. सुखबीर सिंह बैंस, मनोहर सिंह तालनपुर, महानगर प्रमुख, जिला प्रचारक हार्दिक, प्रो एस पी व्यास, प्रो के एन व्यास, राजेंद्र सिंह लीलिया, प्रो सोहन लाल मीणा, प्रो किशोरी लाल रैगर, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश निदेशक महेंद्र सिंह तंवर सहित विवि के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### टाबर मेला आयोजित

**जोधपुर ,** (कर.सं.)। राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल व महात्मा गांधी राजकीय स्कूल चैनपुरा के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय स्कूल चैनपुरा में टाबर मेला - 2025 का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरा सिंह ने बताया कि राजमाता विद्यालय राउंड स्क्वायर का एक भाग है अत: इस कार्यक्रम में राउंड स्क्वायर के अंतर्गत सर्विस स्तंभ को प्रदर्शित किया गया। यह एक शैक्षिक पहल की गई जिसमें 40 से 50 सरकारी स्कूल की छात्राओं के लिए इंटरएक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर एस एस सदस्य तथा इंडिड फेडरेशन अध्यक्ष विक्रम सिंह जी रहे । इस मेले में लगभग 2500 से ज्यादा छात्रों की एक सभा आयोजित की गई । जिसमें आरकेके से कक्षा 11 के 30 विद्यार्थी तथा चार शिक्षकों की एक टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इंदिरा शक्तावत ने बताया कि आर के के के विद्यार्थियों के द्वारा अनेक आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित की गई। गतिविधियों के अंतर्गत रोबोटिक प्रदर्शनी, ए आर - वी आर डेमो, मैथेमेटिक्स लैब, एक्रो मॉडलिंग, एयर शो, कॉमिक तथा फैशन शो और हस्त निर्मित सामान बनाकर अपना हुनर दर्शाया तो डूडल आर्ट के माध्यम से बच्चों ने कला का परिचय दिया । आर के के की छात्राओं के नेतृत्व में बच्चों ने खाली दीवारों को धीरे-धीरे अपने रंगों विचारों और कल्पनाओं से जीवंत कर दिया । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बढचढ कर भाग लिया ।अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी भूमिका निभाई ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की बालिकाओं ने इतना सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय प्राचार्या नीरा सिंह का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि दी

**जोधपुर,** (कासं) । जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान भाजपा की ओर से पण्डित दीनदयाल पार्क प्रतापनगर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जोधपुर संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने बताया कि भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल व देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी के नेतृत्व में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, शहर विधायक अतुल भंसाली, नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठित रहकर पार्टी व समाज हित में कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों एकात्म मानववाद, अन्त्योदय तथा राष्ट्रवाद पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय को समाज सुधारक व महान चिंतक बताया। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उपाध्याय आरएसएस के चिंतक थे। वे भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युग अनुकूल रूप से प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्मक मानववाद नामक विचारधारा दी। दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र के आधार पर हम सबको चलना चाहिए।

### डॉ. कर्नाटक ने संभाला कुलपति का कार्य

**जोधपुर,** (कासं) । जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन श्रीवास्तव के निलंबित होने के बाद उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने आज यहां कुलपति कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारी, छात्र नेताओं व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। बता दे कि प्रो. केएन श्रीवास्तव को एक दिन पहले ही राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने एक आदेश जारी कर उन्हें पद से तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया था। उनके खिलाफ विवादित शिक्षक भर्ती 2012-13 व 2017 के शिक्षकों को पदोन्नित देने व पुरानी सेवाएं जोडऩे सहित कई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की जांच हाईपावर कमेटी कर रही थी। कमेटी की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कुलपति प्रो. श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को जेएनवीयू के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। डॉ. कर्नाटक ने आज सुबह जेएनवीयू में कुलपति का पदभार संभाला।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को ऐरिया डोमिनेशन अभियान के तहत चोरी के मामले दो आरोपियो को गिरफतार किया। जालोर कोतवाल थानाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनेश कुमार पुत्र गणेशा राम जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी सामूजा पुलिस थाना आहोर 2. मादाराम उर्फ पपीया पुत्र मागीलाल जाति मेघवाल उम्र 27 साल निवासी रेवत पुलिस थाना कोतवाली को गिरफतार किया जाकर अभियुक्तगणों का 03 योम पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर गहनता से पुछताछ की जाकर अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी का माल मसरूका एक सोने की कठी व एक जोडी चांदी के बाजुबन्द को बरामद किया। अभियुक्त दिनेश कुमार पुलिस थाना आहोर हल्के क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर एवं उसके विरूद्ध चोरी के दस प्रकरण पंजिबद्व है। प्रार्थी भंवरलाल पुत्र जेराराम जाति चौधरी उम्र 42 साल ने 16 अक्टुबर 2024 को रिपोर्ट पेश कर बताया कि 15 अक्टूबर 2024 के दिन में अभियुक्त दिनेश कुमार सामुजा व अन्य चोरों ने मकान का ताले तोडकर एक सोने की कठी व एक जोडी चांदी के बाजुबन्ध चोरी करे ले गये। वगैराह रिपोर्ट पर प्रकरण पंजिबद्व किया गया एवं अनुसंधान शुरू किया गया।

### रोजगार के अवसरों की जानकारी दी

**जोधपुर,** (कासं) । महात्मा गांधी विद्यालय जोधपुर तथा राजकीय विद्यालय जोधपुर में कैरियर मेले का सफल आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों एवं रोजगार प्रदान करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस मेले में अन्य महाविद्यालयों के अलावा महिला पीजी महाविद्यालय की भी चार अलग-अलग टीमों ने कॉलेज की लाडली योजना सहित विविध पाठ्यक्रमों की जानकारी को साझा किया । जिससे इच्छुक विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल शिक्षा और कैरियर संभावनाओं के बीच की खाई को कम करना था, ताकि छात्र अपने भविष्य के बारे में सही निर्णय ले सकें।

### विश्व यूनानी दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं) । राजकीय यूनानी चिकित्सालय, उदय मंदिर जोधपुर में विश्व यूनानी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय के प्रभारी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. फैयाज खाँ ने आमजन को संबोधित किया और हकीम अजमल खान के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि विश्व यूनानी दिवस प्रसिद्ध हकीम, राष्ट्रवादी नेता, स्वतंत्रता सेनानी हकीम अजमल खान के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। यूनानी चिकित्सा के पुनरुत्थान के लिए हकीम साहब ने दिल्ली में तिब्बिया कॉलेज की स्थापना की, जिसका उद्घाटन महात्मा गांधी ने किया था।हकीम अजमल खान न केवल चिकित्सा जगत के अठाणी थे, बल्कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उनके सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें "हीलर ऑफ नेशन" अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. फैयाज खाँ ने बताया कि हकीम अजमल खान के प्रयासों के कारण पूरी दुनिया उन्हें कृतज्ञता पूर्वक याद करती है। इस अवसर पर कई चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम नागरिकों ने यूनानी चिकित्सा पद्धित के महत्व पर विचार-विमर्श किया और अपनाने का संकल्प लिया।

### गडसीसर पर सजी योगा क्लास

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। मरू महोत्सव 2025 के तीसरे दिन की शुरूआत सेहत और ताजगी से भरे योग के साथ की गई। गडसीसर सरोवर के घाट पर देशी विदेशी मेहमानों ने योग प्रशिक्षकों से योग के गुरू सीखे और अपने मन और तन को तरोताजा किया। इस दौरान बह रही मधुर संगीत स्वर लहरियों ने भी महौल को खुशनुमा बना दिया। सुखासन में बैठे सैलानियों ने प्रमुख रूप से अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य आसानों से शरीर और मन को शुद्ध करने की कवायद की।

### नगर निगम दक्षिण का बजट आज

**जोधपुर,** (कासं) । नगर निगम दक्षिण का बजट बुधवार को महापौर वनिता सेठ जारी करेगी। इसके लिए आज सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। सरकार ने अब दोनों निगमों का एक ही आयुक्त लगा दिया है।

